हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री


11 जैन समाज ने मनाया पंचकल्याणक महोत्सव





12 श्री हनुमत महायज्ञ के समापन पर कलश...






## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बैतारी चौक के पास ट्रेलर की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्यारीलाल साहू निवासी ग्राम कलेंडा ने बताया कि 31 जनवरी को उसका चचेरा भाई जगत राम साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1253 से सरायपाली आ रहा था, तभी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीएस 1324 के चालक द्वारा बैतारी चौक के पास एक्सीडेंट कर दिया गया। जिससे उसके पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम हरदी में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। मामले को लेकर पिथौरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी का मनबोध मिरी पिता बेदराम मिरी (36 साल) अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब कीमत 2880 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महानदी आरती में श्रद्धा भक्ति और आस्था का उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



महासमुंद। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पावन अवसर पर महानदी तट पर शाम 7.30 बजे दिव्य महानदी आरती का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। विधायक सिन्हा ने अपनी धर्मपत्नी प्रिया सिन्हा के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया तथा श्रद्धा भाव से महानदी आरती संपन्न की। उन्होंने महानदी तट पर दीपदान कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगल कामना की। महानदी आरती के दौरान संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि एवं मधुर भक्ति संगीत से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था और भावनाओं के साथ आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आत्मिक शांति का अनुभव किया।

# विशेष बच्चों के जीवन में रौशनी बिखेर रहा बलौदाबाजार का मनोविकास केंद्र

## इस शैक्षणिक वर्ष में 39 बच्चे विभिन्न कक्षाओं की परीक्षा में होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता एवं समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ करने तथा समाज में समान अवसर और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि उपज मंडी में मनोविकास केन्द्र संचालित किया जा रहा है। मनोविकास केंद्र में आने वाले सभी बच्चे किसी न किसी शैक्षणिक संस्था में नामांकित हैं और उन्हें थेरेपी के साथ-साथ विशेष शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इनमें से 16 बच्चे एनआईओएस ओपन स्कूलिंग के अंतर्गत कक्षा 10 में नामांकित हैं, जिन्हें केंद्र के विशेष शिक्षक द्वारा अक्टूबर 2026 की परीक्षा हेतु तैयार किया जा रहा है, जबकि शेष बच्चे विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अलग-अलग कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में कुल 39 बच्चे विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे।

केन्द्र में विशेष आवश्यकता वाले 12 वर्षीय पुष्कर साहू डाउन सिंड्रोम से प्रभावित एक हाइपोएक्टिव बालक हैं। पूर्व में वे विद्यालय नहीं जा पा रहे थे तथा उनके व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक विकास में अनेक चुनौतियां थीं। मनोविकास केंद्र से जुड़ने के पश्चात उन्हें संवेदी एकीकरण और योग के साथ-साथ विशेष शिक्षा प्रदान की गई। सतत एवं संरचित हस्तक्षेप के ▶▶ शेष पेज 11 पर



### योग, खेल और रोचक गतिविधियां जारी

मनोविकास केन्द्र में बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र में विशेष शिक्षा, संवेदी एकीकरण, योग एवं खेलकूद आधारित गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन सतत एवं संरचित प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चों में शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक एवं सामाजिक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है।मनोविकास केंद्र ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समर्पित सेवा का एक सफल वर्ष पूर्ण कर लिया है। वर्तमान में केंद्र में कुल 46 बच्चे नामांकित हैं, जो नियमित रूप से उपस्थित होकर थेरेपी और विशेष शिक्षा दोनों का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। केंद्र में फिजियोथेरेपी एवं विकासात्मक आकलन हेतु नियमित ओपीडी संचालित की जा रही है। साथ ही बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संवर्धन हेतु मासिक स्वास्थ्य परीक्षण किए जाते हैं। अब तक केंद्र द्वारा कुल 125 विकासात्मक आकलन सफलतापूर्वक संपन्न किए जा चुके हैं।

## अन्य साथियों की खोजबीन में जुटी पुलिस, हत्या के कारण का नहीं हुआ खुलासा

# मेला देखने गये युवक की चाकू मारकर की हत्या, आरोपी पुलिस हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम कामता में चितावर मंदिर के पास आयोजित पुन्नी मेले के दौरान रात्रि करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली की राहुल यादव 20 वर्ष, निवासी ग्राम केसदा थाना हथबंद को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू मार दिया है। घायल राहुल यादव को उनके साथियों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा पहुंचाया गया, जहां उपचार के 25 वर्ष निवासी ग्राम कामता ने चाकू से वार किया है, जिससे राहुल के शरीर में गंभीर चोटें आईं है। विवाद का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना सिमगा पुलिस ने आरोपी हेमंत यादव उर्फ मसान को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की। उक्त घटना में अन्य आरोपियों के भी शामिल होने के संबंध में पूछताछ एवं जांच की जा रही है।

प्रार्थी छगन निषाद केसदा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 फरवरी को माघी पुन्नी पर चितावर



महादेव धाम ग्राम कामता में अपने दोस्त रूपेश निर्मलकर एवं बीनू निर्मलकर के साथ मोटरसाइकिल से मेला देखने गये हुए थे। मेला में गांव के दोस्त यशंवत निषाद के साथ बातचीत करते हुए ठेला में गुटखा खरीद रहे थे कि करीबन रात्रि 7.30 बजे पान ठेला के सामने लड़ाई झगड़ा वाद विवाद हो रहा था। तब अपने साथियों के साथ जाकर देखा तो ग्राम कामता निवासी मशान नाम का युवक एवं उसके अन्य दोस्त जिसमें से एक अपने हाथ में पहने चूड़ा से तथा मशान ने हाथ में रखे चाकू से और उसके अन्य दोस्त हाथ मुक्का लात घूंसे से राहुल यादव को मार रहे थे। जब मैं और मेरे साथी मारपीट को छुड़ाने लगे तो सभी मारपीट करने वाले वहां से भाग गए। चाकू एवं हाथ मुक्का के मारपीट से मेरा दोस्त राहुल यादव के सीना में बाएं तरफ कूल्हे के पास गला एवं सिर में गंभीर चोट आी है। चोट लगने से राहुल यादव लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, तब हम लोगों ने उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जांच उपरांत डॉक्टर ने उसे मृत हो जाना बताया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मसान एवं उसके साथियों के विरुद्ध धारा 103 (1), 3 ( 5 ) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# समय पर धान का उठाव व चावल जमा करें मिलर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने ली मिलर्स की बैठक, 20 फरवरी को मनाया जायेगा चावल उत्सव

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को मिलर्स की बैठक लेकर नान में चावल जमा करने के सम्बन्ध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ीएस दुकानों में आगामी 20 फरवरी को चावल उत्सव मनाया जाएगा। पीड़ीएस दुकानों में 10 फरवरी तक खाद्यन्न भण्डारण सुनिश्चि करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव और मिलिंग के पश्चात चावल जमा करने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिलर्स को आवंटित कोटे के अनुसार उपार्जन केंद्रों से तत्काल धान उठाव करें एवं मीटिंग के बाद चावल की डिलीवरी के लिए सख्त समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि मिलरों द्वारा धान उठाव की सतत मॉनिटरिंग करें और रूचि नहीं लेने वाले मिलरों पर कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों से ज्यादा-ज्यादा धान मिलरों के पास जाए। बैठक में खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं मिलर्स उपस्थित थे।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर 46 पक्षियों की हुई पहचान, छात्रों ने की पायलट स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जिला बलौदाबाज़ार द्वारा बालसमुंद पलारी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आर्द्रभूमि संरक्षण के उद्देश्य से कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बालसमुंद में 46 पक्षियों की पहचान की पहचान की गई, वहीं विद्यार्थियों ने पायलट स्टडी की।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, विशिष्ट अतिथि प्रकृति पर्यावरण प्रेमी हितेन्द्र ठाकुर, नगर पंचायत पलारी के उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा और शोधार्थी दीपक कुमार तिवारी थे। गोपी साहू ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए सहयोग करने की अपील करते हुए धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों में नशापान पर प्रतिबंध और साफ सुथरा रखने प्लास्टिक चीजों के सेवन पर रोक लगाने की बात कही।

संचालन करते हुए धमनी वन समिति के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने अपने कविताओं के माध्यम से वनों और वन्य प्राणियों की विशेषताओं ▶▶ शेष पेज 11 पर




### पर्यावरण संरक्षण की अपील

उन्होंने पलारी नगर में सभी धार्मिक, सामाजिक और अन्य आयोजनों में प्लास्टिक सामग्रियों पर प्रतिबंध की जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी का कर्तव्य है। हितेंद्र ठाकुर ने पक्षियों का संरक्षण करने और ऐतिहासिक धरोहरों के महत्त्व के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक रहने की बात कहते हुए प्रवासी पक्षियों और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए लोगों को जानकारी और जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि युवाओं को समाज में सकारात्मक सोच के साथ अपनी मिट्टी, अपनी नदियों तालाबों, जंगलों के साथ-साथ वन्यप्राणियों को सहेजने और उनकी सुरक्षा की दिशा में हमेशा सतर्क और जिम्मेदार रहना चाहिये। युवाओं को जिसमें अभिरुचि हो उसी में मन लगाकर कार्य करना चाहिये।शोधार्थी दीपक कुमार तिवारी ने प्रकृति को ऐतिहासिक धरोहरों से जोड़ते हुए बालसमुंद के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने भी महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा अपने कैरियर के अलावा अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में भागीदारी निभाकर अपने नागरिक होने का दायित्व को निभाना आवश्यक है।

## नगर पालिका ने नवनिर्मित भगवान महावीर चौक का किया लोकार्पण

# नगर के भगवान महावीर चौक पर हुआ धार्मिक आस्था और विकास का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के सामने नवनिर्मित भगवान महावीर चौक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज के सानिध्य में हुआ, जिससे आयोजन को विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व प्राप्त हुआ।

लोकार्पण समारोह में जैन समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जैन, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले सहित सभापति एवं पार्षदगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मुनि महाराज के आगमन पर नगरवासियों द्वारा बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को पुष्पमालाओं एवं रंगोली से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया।

इस अवसर पर मुनि सुयश सागर महाराज ने नगर में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ नगर का समग्र विकास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने नगर पालिका ▶▶ शेष पेज 11 पर








# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ संपन्न, 4 लोगों ने किया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

बसना के सुप्रसिद्ध गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित तीन दिवसीय कन्या कौशल एवं नारी सशक्तिकरण शिविर तथा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार हुआ, बल्कि सामाजिक सरोकार की मिसाल भी पेश की गई, जहां चार श्रद्धालुओं ने मरणोपरांत नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पिरदा के घोष दल का विशेष सहयोग रहा। कलश यात्रा के पश्चात नौ कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के लगभग 2000 से अधिक श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। महायज्ञ के दौरान आयोजित बौद्धिक सत्रों में सीताराम विश्वकर्मा ने 'मनुष्य जीवन की समस्या और समाधान' पर व्यावहारिक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत देवराज मिश्र ने 'मनुज देवता बनें, बने यह धरती स्वर्ग समान' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान देते हुए मानवीय मूल्यों को पुनर्स्थापित करने पर बल दिया।



### माता की जन्म शताब्दी और संस्कार सत्र

रात्रि में माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर भावपूर्ण वीडियो प्रदर्शन किया गया। अंतिम दिन शांति कुंज हरिद्वार की प्रशिक्षित टोली द्वारा नौ कुंडीय यज्ञ के साथ पुंसवन, दीक्षा, मुंडन, नामकरण और जन्मदिवस उत्सव जैसे विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के समापन पर प्रत्येक श्रद्धालु को ऋषि साहित्य भेंट किया गया। गायत्री शक्तिपीठ बसना द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया

### सामाजिक चेतना, नेत्रदान का महासंकल्प

आयोजन की सबसे विशेष उपलब्धि सामाजिक चेतना के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह रहा। पूज्य गुरुदेव के 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संदेश से प्रेरित होकर चार व्यक्तियों ने नेत्रदान हेतु फॉर्म भरा। उनके इस निर्णय की गायत्री परिवार और नगरवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और समाज के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

# मरार पटेल समाज ने मनाई मां शाकंभरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



शहर में नगर इकाई एवं मरार पटेल समाज द्वारा मां शाकम्भरी देवी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। समारोह में मुख्य अतिथि बरतराम पटेल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पटेल समाज के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल ने, अतिविशिष्ठ अतिथि नागेश्वर पटेल प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, टिकेश्वरी पटेल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, दिव्या पटेल, परमेश्वरी पटेल अध्यक्ष नगर इकाई महिला प्रकोष्ठ, देवक राम पटेल जिला अध्यक्ष मरार समाज, संतोष पटेल अध्यक्ष नगर इकाई महासंघ, रामकुमार पटेल समाजसेवी, घनाराम पटेल जनपद सदस्य, सतीष पटेल पार्षद, गिरीश पटेल, घनश्याम पटेल, डा. लीला शंकर पटेल, चंद्रविकास पटेल सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कलश यात्रा मावली माता मंदिर के पास से पुरानी बस्ती होते हुए नेहरू चौक से वंशराज तिवारी चौक, मेन रोड होते हुए नया बस स्टैंड से गौरव पथ की ओर जाकर लिटिल स्टार शाश्वत स्कूल में पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हुई। कलश यात्रा में सभी स्वजातीय भाई, बहनों एवं सामाजिक प्रतिनिधि परिवार सहित शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके पश्चात अतिथि बरत राम पटेल, रामाधार पटेल, नागेश्वर पटेल, टिकेश्वरी पटेल, परमेश्वरी पटेल, दिलीप पटेल ने मां शाकम्भरी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और समाज के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। अतिथियों ने समाज की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मां शाकंम्भरी से प्रार्थना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकजुटता मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान शाश्वत स्कूल के संचालक दिव्या गिरीश पटेल ने समाज के प्रतिभावान बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के लिए निशुल्क कोचिंग कराने की बात कही। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दीपक पटेल, भूपेन्द्र पटेल, केशव पटेल, सतीश पटेल, रामखिलावन पटेल, उमेन्द्र पटेल, चन्द्रविकास पटेल, सुधराम पटेल, गौतम पटेल, जगराम पटेल, नरेश पटेल, रोहित पटेल, गिरीश पटेल, जागेश्वर पटेल, शैलेन्द्र पटेल, रेखा पटेल, परमेश्वरी पटेल, संतोषी पटेल, सुरेशिया पटेल, आंगन पटेल, शकुंतला पटेल आदि का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन देवक पटेल ने किया जबकि आभार प्रदर्शन संतोष पटेल ने किया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

- डॉ. गजानंद व अभय की जोड़ी ने समीर व शांति को हराकर जीता खिताब

फुलझर अंचल में बलौदा बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें बलौदा, सरायपाली, सांकरा, सागरपाली, छुईपाली, मुड़पहार, रोहिना, अर्जुंदा, खपरीडीह, बड़े पंधी के विविध 50 टीमें भाग ली।

मॉर्निंग मेवरिक सरायपाली के द्वय डॉ गजानंद व अभय की जोड़ी ने फाइनल में समीर व शांति तिर्की को हराकर टूर्नामेंट को अपने नाम किया जबकि निक्कू मनीष बलौदा तथा गोलू व प्रशांत मॉर्निंग मेवरिक सरायपाली क्रमशः तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहे। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब डॉ गजानंद को दिया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पदमिनी प्रदीप भोई जनपद सदस्य अध्यक्षता सरस्वती सरोज सेठ सरपंच तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलांबर टांडी, नरेश तिवारी, तरुण गड़टिया, महेश पटेल, नीलांचल भोई, शक्तिलाल थनापति, आकाश भोई, लक्ष्मीबाई पटेल और गजानन सेठ रहे।

# बागबाहरा में गूंजेगा "कबड्डी..कबड्डी..कबड्डी"

## 6 से 8 फरवरी तक राज्य स्तरीय महिला-पुरुष कबड्डी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा



नगर बागबाहरा में अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक जय चंडी खेल कला क्लब के तत्वावधान में जैन मंदिर प्रांगण, स्टेशन चौक के समीप आयोजित होगी।

आयोजन समिति के सदस्य उदय चंदेल एवं दीपक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में राज्य, जिला सहित अन्य प्रदेशों से 35 से 40 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। इसके लिए दो कोर्ट तैयार किए गए हैं तथा सभी मुकाबले प्रतिदिन शाम 6 बजे से प्रारंभ होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शाम के समय खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कबड्डी महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देना तथा बच्चों एवं युवाओं को खेलों से जोड़ना है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए 60 शारीरिक शिक्षकों एवं लगभग 40 कार्यकर्ताओं का सहयोग रहेगा। कुल मिलाकर प्रतियोगिता के दौरान 35 से 40 मुकाबले खेले जाएंगे।

कबड्डी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश की टीमें भी भाग लेंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने जिले के कबड्डी खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।



### सागरपाली में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की रजत जयंती पर उपभोक्ताओं का सम्मान

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के स्थापना के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत परिसर सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत वितरण केंद्र सागरपाली अंतर्गत आने वाले विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट एवं जागरूक उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल पांच प्रमुख श्रेणियों में उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी, उत्कृष्ट घरेलू उपभोक्ता, गैर-घरेलू (व्यवसायिक) उपभोक्ता, बीपीएल श्रेणी के जागरूक उपभोक्ता, कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान शामिल रहे।

# माघी पूर्णिमा पर श्री बावामहाराज धाम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला







ग्राम सुहेला में स्थित प्राचीन श्री बावामहाराज धाम में इस वर्ष भी माघी पूर्णिमा पर मेला एवं पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में कथा, पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विदित हो कि श्री बावामहाराज को भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। ग्राम के इष्ट देवता हैं, ग्रामीणों के अनुसार सैकड़ों वर्षों से इस धाम में गहरी आस्था चली आ रही है। कहा जाता है कि यदि कोई कीमती वस्तु खो जाए तो श्रद्धापूर्वक बाबा महाराज का स्मरण कर नारियल अर्पित करने से वह वस्तु प्राप्त हो जाती है। यह विश्वास आज भी ग्रामीणों में बना हुआ है।

- जर्जर मार्ग ने बढ़ाई श्रद्धालुओं की मुश्किलें, मरम्मत की मांग की गई

ग्रामीणों का कहना है कि वे किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत बावामहाराज के स्मरण से करते हैं। विवाह से लेकर व्यापार, खेती-किसानी और फसल बिक्री तक, सभी कार्यों में पहले बावा महाराज को आमंत्रित कर पूजा-अर्चना की जाती है। किसान अपनी उपज बेचने से पूर्व भगवान को अर्पित करते हैं, वहीं व्यापारी नया कार्य प्रारंभ करने से पहले धाम में दर्शन करते हैं। बताया गया कि श्री बावामहाराज धाम की स्थापना 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। स्थानीय जनों के अनुसार यह मूर्ति जमीन के नीचे से प्रकट हुई थी और तभी से बावामहाराज श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं। बीते 5–6 वर्षों से लगातार यहां मांघी पूर्णिमा पर पूजा व मेले का आयोजन हो रहा है।

हालांकि, मंदिर तक पहुंचने का मार्ग अत्यंत जर्जर और कष्टदायक है। ग्राम से पूर्व की ओर लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर तक जाने का रास्ता खेतों और दलदली क्षेत्र से होकर गुजरता है। बरसात के दिनों में मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है। ऊंची घास और कीचड़ के कारण कई श्रद्धालु दर्शन से वंचित रह जाते हैं। कुछ ग्रामीणों के अनुसार रास्ते में गिरने से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनमें हड्डी टूटने जैसी घटनाएं सामने आई हैं।

इन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं शीघ्र पहुंच मार्ग निर्माण की मांग की है, ताकि सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन का अवसर मिल सके। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई। कठिन रास्तों के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण बाबा महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे और मेले का आनंद लिया। पूरा धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

# उत्कृष्ट विद्युत उपभोक्ताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भंवरपुर




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत परिसर सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत वितरण केंद्र सागरपाली के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को उनकी सजगता और सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। मिली जानकारी अनुसार कार्यक्रम के दौरान 5 प्रमुख श्रेणियों में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए जिसमें पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थी, उत्कृष्ट घरेलू उपभोक्ता, गैर - घरेलू (व्यवसायिक) उपभोक्ता, बीपीएल श्रेणी के जागरूक उपभोक्ता कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान विद्युत कर्मियों के संघर्ष को किया याद गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदस्य जनपद पंचायत बसना संतोषी अग्रवाल ने विद्युत कर्मचारियों के कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में बिजली जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए बिजली कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। उन्होंने उस दौर को भी याद किया जब साधन सीमित थे और कर्मचारी साइकिल पर सीढ़ी लादकर कई किलोमीटर तक सुधार कार्य के लिए जाते थे।

उपसंभाग भंवरपुर के सहायक यंत्री राकेश कुमार बारिक ने उपस्थित जनसमूह को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बारीकियों, स्मार्ट मीटर के फायदों और कृषक जीवन ज्योति योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभार प्रदर्शन मनोज कुमार कनिष्ठ अभियंता सागरपाली द्वारा किया गया। समारोह में पारसमणि पटेल सरपंच दुलारपाली, पूर्व जनपद सदस्य सोहन पटेल और विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण भाई-बहन उपस्थित रहे।

# युवा शक्ति ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार : विधायक डॉ. संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिरदा/बसना

शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा द्वारा ग्राम तरेकेला में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास और संकल्पबद्धता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं, आप' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है। पिरदा महाविद्यालय के इन युवाओं ने तरेकेला की गलियों में जो श्रमदान किया है और जो जन-जागरूकता फैलाई है, वह सिद्ध करता है कि हमारी युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी और समस्त प्राध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता और संवेदनशीलता का बीजारोपण करते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष पटेल, हरप्रसाद पटेल, अभिमन्यु प्रधान, अमृत लाल पटेल, विमला बेहरा, अंकित भोई, पिरदा महंत लखन मुनि, सोन साय खूटे, अमित साहू, पंच सुखेती लाल गिरी, पंच वासुदेव पोर्टे, लक्ष्मी बाई, अंजोर सोनी, मकरध्वज राणा, सपना भोई, आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### निर्भय बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री

**झलप।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक अशोक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष पवन पटेल द्वारा निर्भय नायक को जिला महामंत्री और संजय पटेल को झलप मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, शंकर अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष, इंद्रजीत सिंह गोल्डी स्काउट गाइट प्रदेशअध्यक्ष, देवा नायक पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ललिता अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शम्मी सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कमल कौशिक मंडल महामंत्री पिलेश्वर पटेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, चंद्रहास चंद्राकर बीज निगम अध्यक्ष, हितेश चंद्राकर, राकेश साहू मंडल महामंत्री, हनी गंभीर जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा डोमन यादव मंडल उपाध्यक्ष ने हर्ष जताया है।

### साहित्य उत्सव में रामशरण का सम्मान



**महासमुंद।** त्रिदिवसीय साहित्य उत्सव में उत्कृष्ट कविता पाठ करने पर महासमुंद जिले से साहित्यकार व कवि रामशरण चंद्राकर बेमचा का प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंटर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ भाषा आयोग बिलासपुर में साहित्य सम्मान से नवाजा गया। बता दें कि चंद्राकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे नाटक, लीला में विविध पात्रों का अभिनय कर चुके हैं। साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रहते हैं। पूर्व में भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं।

### बिना टेंडर मरम्मत कार्य कराना अनुचित : राठी



**महासमुंद।** नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्य नपा अधिकारी से चर्चा के साथ पत्र लिखकर कहा कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा 27 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए लगभग 22 लाख रुपए पालिका को सात माह पूर्व दिया जा चुका है बावजूद लेटलतीफी से बिना कोई टेंडर मरम्मत प्रारंभ कराया गया है जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि ई-टेंडर द्वारा निविदा आमंत्रित कर निर्माण कराया जाना था। लेकिन, बिना निविदा आंगनबाड़ी भवन में मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। राठी ने कहा कि मरम्मत का वार्षिक टेंडर और आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य अलग-अलग है, एक में जोड़ा जाना न्याय संगत नहीं है, पालिका व शासन को इससे नुकसान होगा।

### चंदूलाल चंद्राकर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में छत्तीसगढ़



के दिग्गज राजनेता, वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शाशी चंद्राकर, संगीता चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर एवं भूषण चंद्राकर ने उनके जीवन और कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि स्व. चंद्राकर ने अपनी निर्भीक पत्रकारिता और निष्पक्ष राजनीति के माध्यम से छत्तीसगढ़ और देश की सेवा की, जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उल्लेखनीय है कि स्व. चंदूलाल चंद्राकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए मूल्य आधारित पत्रकारिता की मिसाल पेश की। सउन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में भी राष्ट्र सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय बजट प्रतिगामी, आम जनता को निराशा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विधानसभा बसना के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रतिगामी प्रभाव वाला है, जिसमें न कृषि के लिए ठोस प्रावधान हैं, न उद्योग, न रोजगार और न ही मजदूरों व गरीब तबके के लिए कोई वास्तविक राहत। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। बजट में महंगाई से निपटने के लिए कोई ठोस योजना, समाधान या सकारात्मक पहल सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण खुद यह स्वीकार करता है कि व्यापार में अनिश्चितता भारत के लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन बजट में इस गंभीर समस्या को लगभग नजरअंदाज कर दिया गया है।

### सिरपुर महोत्सव एवं राजिम कुंभ में उपेक्षा से नाचा गम्मत महासंघ में रोष

**नरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक पारंपरिक विधा नाचा गम्मत जो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य हरियाणा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में अपने मंचीय प्रस्तुति से स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ जन - जागरूकता का संदेश देने वाले नाचा गम्मत विधा को सिरपुर महोत्सव एवं राजिम कुंभ में मंच प्रदान न करना बहुत ही दुखद है। जिले एवं गरियाबंद जिले में नाचा गम्मत के 100 संस्था है लेकिन, आवेदन करने के बावजूद एक भी स्थानीय संस्था सहित प्रदेश के एक भी कार्यक्रम को मंच प्रदान नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ ने शासन प्रशासन के रवैए पर रोष जताया।

### सिरपुर महोत्सव में बाबा हंसराज की भक्ति संध्या ने बांधा समां



**महासमुंद।** प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी की भव्य प्रस्तुति दी। रघुवंशी ने अपने लोकप्रिय भजन मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी, शिव समा रहे मुझमें, लागी लगन शंकरा..., भोला मस्त मलंग... अयोध्या आए मेरे प्यारे, राम सिया राम और भोलेनाथ की शादी हैजैसे गीतों से समां बांध दिया। मधुर आवाज और भावपूर्ण गायन पर दर्शक झूम उठे और पूरा परिसर बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। बाबा हंसराज की प्रस्तुति ने सिरपुर की पावन धरती को शिवमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया। भक्तों ने भक्ति गीतों का आनंद लिया और पूरा माहौल शिव भक्ति में रंग गया। वहीं सुनील तिवारी लोक कला मंच के रंग-झांझर कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## जागरूक उपभोक्ताओं, पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

# रजत जयंती पर गिनाई गई विद्युत विभाग की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

यहां के बिजली दफ्तर में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती मनाई गई। इस दौरान ग्रामीण और शहरवासियों को क्षेत्र में विद्युत विस्तार, बेहतर सेवा प्रणाली, लाइन लॉस में कमी तथा उपभोक्ता सेवा में हुए सुधारों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और जागरूक उपभोक्ताओं, पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर संतुष्टि जताते हुए इन्हें कर्तव्यपरायण बताते हुए असमय आने वाली समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेकर निराकरण करने की तारीफ की तथा आम उपभोक्ताओं की और भी अधिक मदद करने का निर्देश विभाग दिया। मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी ने सभी को रजत महोत्सव की बधाई देते हुए विद्युत विभाग में हुए आवश्यक सुधारों को अपनाकर सेवा में सुगमता लाने की बात कही।

कार्यक्रम को नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू विद्युत विभाग के डीई आदित्य कुमार ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एईटी एस विश्वास द्वारा किया गया। इस रजत उत्सव में पार्षद हर प्रसाद बार्वे, पार्षद भूषण साहू, पारस ताम्रकार, भावेश तिवारी, इंजीनियर योगेश पाण्डेय, राजेश साहू, गोविंद घृतलहरें, पंकज अग्रवाल, बुधराम साहू सहित लवन विद्युत विभाग के नन्द कुमार सोनवानी कनिष्ठ अभियंता, स्वाति साहू कनिष्ठ अभियंता, मनोज साहू कार्यालय सहायक, जीवनंदन साहू, हितेश सिन्हा, ओम प्रकाश वर्मा, देवेंद्र देवांगन, राजेंद्र वैष्णव, संतोष लहरे, महेंद्र, विक्रांत, अमरनाथ, राजू साहू, सोहन साहू, सुरेन्द्र बघेल, राजकुमार, सुमित बारेठ, सूर्यकांत तिवारी, तुषार साहू, हरिशंकर, राकेश, संजू गायकवाड, संजय यादव, बबलू, रामकुमार, दिलेश्वर, राकेश, रामप्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।



### विद्युत विभाग ने मनाया छत्तीसगढ़ स्थापना का रजत उत्सव

**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्युत विभाग पलारी वितरण केंद्र में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्थापना के लेकर अभी तक की उपलब्धियां को कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधिगण के समक्ष विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं को साझा किया गया। वितरण केंद्र पलारी अंतर्गत ग्रामों के उपभोक्ताओं जिनके द्वारा विद्युत देयकों का नियमित भुगतान किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य कुमार ठाकुर कार्यपालन अभियंता संभाग बलौदाबाजार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रजत महोत्सव में उपस्थित अंचल के ग्रामों के ग्रामीणजन उपस्थित हुए। कार्यपालन अभियंता के हाथों प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले उपभोक्ता में एकल बत्ती श्रेणी को उपभोक्ता घरेलू उपभोक्ता कृषक जीवन ज्योति योजना उपभोक्ता प्रधानमंत्री योजना उपभोक्ता इस प्रकार से विभाग के विभिन्न श्रेणियां के 25 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किए गए। इस अवसर पर अध्यक्षता तुषार विश्वास सहायक अभियंता पलारी द्वारा किए गए। धीरेंद्र कुमार ध्रुव कनिष्ठ यंत्री पलारी, राहुल साहू, भूपेंद्र चंद्रमा, सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित हुए।



### बिजली केंद्र निपानिया ने मनाया छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय निपानिया द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इसमें पीएम सूर्य मुक्त बिजली योजना, बीपीएल योजना, कृषक जीवन ज्योति, घरेलू उपभोक्ता, गैर घरेलू उपचार जिन्होंने लगातार विद्युत देय का भुगतान किया गया। उपभोक्ताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप आनंत अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत भाटापारा, नरेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत निपानिया, डॉ. चेतन वर्मा सरपंच मोपका, मथुरा यादव मंडल अध्यक्ष निपानिया, हर्ष तिवारी, बसंत वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत गुड़ाघाट विद्युत मंडल विभाग से वि के राठिया कार्यपालन अभियंता भाटापारा, अवेल्सन खेश सहायक अभियंता, बीपी साकेत कनिष्क अभियंता निपनिया, हनीफ मोहम्मद लाइनमैन एवं निपनिया क्षेत्र के उपभोक्ता, बिजली विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।




## गोपालपुर बिजली कार्यालय में मना रजत महोत्सव





**गोपालपुर।** कनिष्ठ अभियंता बिजली कार्यालय गोपालपुर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि हरिदास भारद्वाज पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन, विशिष्ट अतिथि डॉ. टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामदयाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, भीषण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, दुर्गेश दुबे, डीआर टण्डन, जसवंत तारम सहायक अभियंता थे। मुख्य अतिथि भारद्वाज ने बिजली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त में बिजली देती है, लेकिन जरुरत से ज्यादा उपयोग करने पर बिल बढ़ जाता है। समय के अनुसार परिवर्तन होता है। अब ऐसा समय आने वाले हैं, मोबाइल की तरह चार्जिंग करवाना पड़ेगा, पैसा समाप्त होगा बिजली की लाइन कट जाएगी।

विशिष्ट अतिथि टण्डन ने गोपालपुर में बिजली कार्यालय खोलने पर सरकार को आभार व्यक्त किया। नजदीक में कार्यालय खुलने पर क्षेत्रवासियों को हर कार्य में सुविधा होगी। लोगों के समय में बचत होगा ऐसे सरकार की सोच है? मंच के माध्यम से कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों एवं पूरा स्टाफ को बिठाने की सरकार से मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा।

सौर ऊर्जा लगवाने एवं निर्मित बिजली बिल के भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को मुख्य अतिथि के हाथों में प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में हीरालाल साहू अध्यक्ष गोपालपुर सोसायटी, अशोक साहू पशु औषधालय सहायक अधिकारी, राम कुमार भास्कर शिक्षक, बिशेषर साहू, फिरतू यादव, भागवत साहू ग्राम अध्यक्ष साहू समाज, रथ राम साहू, सेखर बंजारे, एवं पूरा स्टाप व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

## जैन समाज ने मनाया पंचकल्याणक महोत्सव



**बलौदाबाजार।** स्थानीय जैन समाज द्वारा पंचकल्याणक महा महोत्सव पर मंदिर में भगवान के महा अभिषेक कर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज के वरिष्ठजनों महिलाओं व युवकों द्वारा पूजन व आरती की गई। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा भी स्न्नान व पूजन अभिषेक किया गया। नगर में आयोजित पांच दिवसीय आयोजन के दौरान अत्यंत धर्म व पूजन विधान से लोगों में धार्मिकता का वातावरण निर्मित हुआ। वहीं मंदिर की सुंदरता भी धार्मिक आस्था के साथ आकर्षण का केंद्र बना रहा। जैन समाज द्वारा आयोजित इस विशाल पंच कल्याणक महोत्सव पर पूज्य मुनि महाराज जी के दर्शन व मंदिर में कार्यक्रम पर जैन समाज के साथ नगर वासी भी पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जसगीत स्पर्धा में फुलवारी प्रथम, दूसरे स्थान पर लाहोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



ग्राम पंचायत ओड़ान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य जस गीत झांकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान जस गीत एवं झांकी मंडलियों ने देवी भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। आयोजन में क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज के ग्रामों से आए कलाकारों ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा प्रस्तुतियों का मूल्यांकन भक्ति भाव, प्रस्तुति शैली, अनुशासन एवं मंच सज्जा के आधार पर किया गया। मूल्यांकन के उपरांत जसगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जय मां जग तारिणी सेवा समिति फुलवारी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार जय श्री महतारी जस सेवा समिति लाहोद को, तृतीय पुरस्कार जय महामाया बालिका समिति कंजी को, चतुर्थ पुरस्कार जय महामाया सेवा समिति को तथा पंचम पुरस्कार जय मां भगवती सेवा समिति कुरूद को प्रदान किया गया, इसी कड़ी में झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जय महामाया झांकी पठारीडीह, द्वितीय पुरस्कार जय महामाया झांकी हिरमी, तृतीय पुरुस्कार श्री हरि झांकी मोहतरा, चतुर्थ पुरस्कार जय अम्बे जस झांकी परिवार मोहतरा, पंचम पुरुस्कार जय माँ खल्लारी झांकी परिवार अर्जुनी को प्रदान की पुरुस्कार प्राप्त करने वाली सभी समितियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शिवदयाल वर्मा अध्यक्ष जय भवानी मां सेवा समिति ओड़ान, जनक राम वर्मा, नाथूराम वर्मा, सेवक राम वर्मा, लाला सिंहा, नोहर साहू, नंदलाल साहू, कुलेश्वर वर्मा, जीवन वर्मा, भोजराम साहू, रामजी साहू, टिकेश्वर वर्मा, चंद्रहास वर्मा, हेमंत वर्मा, ईश्वरी साहू, तिलक वर्मा, बलदाऊ वर्मा, जसवंत वर्मा, माधो प्रसाद वर्मा, हीछा वर्मा, ओमू साहू, देवानंद साहू, रामरतन वर्मा, भोजराम वर्मा, मंगल साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों ने जस गीत परंपरा को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक एकता एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी, युवा, महिला मंडल एवं जस प्रेमी उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति की सराहना की गई। आयोजन ने ग्रामीण अंचल में लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का सशक्त संदेश दिया।

### छात्रों ने किया डीके एस कृषि कॉलेज में शैक्षिक भ्रमण

**भाटापारा।** अम्बुजा विद्या पीठ के छात्रों ने डीकेएस कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र उपाध्याय ने छात्रों को कृषि के महत्व के बारे में रोचक जानकारी दी। छात्रों ने जाना कि कृषि केवल फसल उगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके कई आयाम और संभावनाएं हैं। भ्रमण के दौरान छात्रों को महाविद्यालय के टेक्नो पार्क में ले जाया गया। यहां उन्होंने आधुनिक फार्म उपकरण, जैविक खेती और वर्मी कंपोस्ट इकाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, छात्रों ने मशरूम उत्पादन इकाई, रेशम पालन और लाख इकाई का भी प्रत्यक्ष अनुभव किया। अंत में छात्रों को क्रॉप कैफेटेरिया में ले जाकर विभिन्न फसलों और उनकी खेती की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह भ्रमण न केवल छात्रों का कृषि ज्ञान बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि उन्हें खेती और प्रौद्योगिकी के नवीन तरीकों को समझने का एक अनोखा अनुभव भी प्रदान किया। यह भ्रमण कार्यक्रम डॉ. एच. एल. सोनबोइर अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय के अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, डॉ. देवेंद्र उपाध्याय उद्यानिकी, सहायक प्राध्यापक, डॉ. पीआर मिर्झा सस्य विज्ञान, , डॉ. चेनेश पटेल एवं अतिथि शिक्षक, डॉ. गंगा राम राणा उद्यानिकी उपस्थित थे।

## कृषि विभाग व संयंत्र के संयुक्त प्रयास से मिला किसानों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग एवं छत्तीसगढ़ कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र, रावन में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। आयोजन में कृषि विकास अधिकारी जीएन तारम एवं सुचिन कुमार वर्मा का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को कम पानी अथवा जल संकट की स्थिति में फसलों को सुरक्षित रखने के उपायों की जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री आशा योजना, बीज उत्पादन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर सेट के उपयोग तथा शाकम्बरी योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में 80 से अधिक किसानों ने सक्रिय सहभागिता की, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल और उपयोगी रहा। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीएसआर विभाग से प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति, रंजय पांडेय सहित सीएसआर टीम के सुरेन्द्र यादव, ताराचंद वर्मा, हेमलता ध्रुव, साहिल बांधे, गुमान साहू एवं सुनीता निषाद उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### विशेष बच्चों के ...

परिणामस्वरूप पुष्कर के व्यक्तिगत व्यवहार, आत्मनिर्भरता तथा शैक्षणिक वातावरण में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। वर्तमान में वे शासकीय विद्यालय में कक्षा 8वीं में नामांकित हैं और शैक्षणिक सत्र 2026 में कक्षा 8वीं की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पुष्कर की यह प्रगति मनोविकास केंद्र की प्रभावी कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण है।इसी प्रकार, मनोविकास केंद्र से जुड़े वे सभी बच्चे, जो पूर्व में विद्यालय जाना छोड़ चुके थे, अब पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े जा चुके हैं।

### नगर का भगवान...

अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदगण के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी नागरिकों को आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भगवान महावीर चौक में स्थापित जैन धर्म के प्रतीक चिन्ह पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, समाजसेवियों एवं नागरिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लोकार्पण समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, उप अभियंता रितेश स्थापक, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों, जैन समाज के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही।

### विश्व आर्द्रभूमि दिवस...

और उनकी सुरक्षा के संबंध में उत्प्रेरक जानकारी दी। प्राध्यापक अजय मिश्रा ने जिले की आर्द्रभूमि को चिन्हांकित करते हुए उनके विकास की योजनाओं पर बात की। वनमंडलाधिकारी धम्मशील गनवीर के मार्गदर्शन में जिले के वेटलैंड्स को अधिसूचित करने का कार्य किया जा रहा है ।

इस कड़ी में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने जलाशय के जल के नमूने एकत्रित किए एवं बारनवापारा अभ्यारण्य के फॉरेस्ट गाइड्स के साथ मिलकर 46 पक्षियों की प्रजाति की पहचान की। इस आयोजन में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से 49 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर धर्म सिंह बरिहा, बीट प्रभारी मनबोधन टंडन, आबिद अली खान, रामनारायण यादव, सौरव मेहरा, चेनसिंग ध्रुव सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह कार्यशाला आर्द्रभूमि संरक्षण, जैव विविधता तथा पर्यावरण संतुलन के महत्व पर केंद्रित रही।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर - 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मर्दानी - 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# श्री हनुमत महायज्ञ के समापन पर कलश विसर्जन और महाप्रसादी का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में ग्यारह दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति, कलश विसर्जन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ हुआ। समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस महायज्ञ में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन, प्रवचन, कथा व भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। स्थानीय कलाकारों के साथ अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

महायज्ञ का संचालन 16 वेदपाठी आचार्यों के मार्गदर्शन में हुआ। यज्ञ के यजमानों ने विधि-विधान, व्रत और नियमों का पालन करते हुए विश्व कल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सामाजिक समरसता की कामना के साथ यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर हजारों धर्मानुरागियों ने सहभागिता कर धार्मिक वातावरण का अनुभव किया।

उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे धार्मिक आयोजनों की सफलता संभव होती है और भविष्य में भी इस परंपरा को निरंतर जारी रखा जाएगा।

## महायज्ञ का संचालन 16 वेदपाठी आचार्यों के मार्गदर्शन में हुआ



### यज्ञ स्थल पर पक्की यज्ञशाला, बाउंड्रीवाल एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण कराया गया

आयोजन को स्थायित्व देने के उद्देश्य से यज्ञ स्थल पर पक्की यज्ञशाला, बाउंड्रीवाल एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा प्रवचन एवं मंचीय कार्यक्रमों के लिए सभागार का निर्माण भी कराया गया, जिससे भविष्य में धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति के अध्यक्ष विवेक आनंद तिवारी ने समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, नगरवासियों, ग्रामवासियों, व्यापारियों, उद्यमियों, समाज प्रमुखों, शासन-प्रशासन, मातृशक्ति तथा बाल कार्यकर्ताओं सहित सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### किसानों की आय बढ़ने से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**सेल।** किसानों के लिए सिंचाई भंडारण और आधुनिक खेती से जुड़ी योजनाओं पर ध्यान देने का उल्लेख करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीपदास मानिकपुरी कहा कि, जिससे उनकी आय बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधाओं के



विस्तार और आम लोगों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की दिशा में भी कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा इससे बुनियादी ढांचे जैसे सड़क, रेल और ऊर्जा पर निवेश बढ़ाने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। यह बजट पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा जैसे मुद्दों को भी ध्यान में रखता है, जो हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं। हालांकि किसी भी बजट की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं बल्कि उनके सही और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होता है। यदि योजनाएं जमीन तक सही ढंग से पहुंचे तो निश्चित रूप से यह बजट आम आदमी के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

### सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य समापन आज

**महासमुंद।** ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का समापन आज मंगलवार 3 फरवरी को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद रूप कुमारी चौधरी करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुन्द योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिल कांत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा राम स्वरुप दीवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बागबाहरा खिलेश्वरी बघेल आदि उपस्थिति रहेगी।

## निधन

### दीपक साहू

**पलारी।** ग्राम कौड़ियां निवासी



दीपक साहू 25 वर्षीय का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम मे किया गया, जिसमें गांव के स्वजाति बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे शिवकुमार साहू के बेटा और हेमंत विजय के भाई थे।

## संस्थान के सेवा भावना की हो रही सराहना, अन्य समाजसेवियों के लिए प्रेरणास्रोत

# मेले में साधु-संतों और श्रद्धालुओं को परोसा जा रहा सात्विक भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में माघी मेले पर वर्ष भी मानव सेवा की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की जा रही है। सत्य गुरुदेव सत्य कबड्डी दास एवं गुरुमाता सत्य लीला देवी के सानिध्य में सत्य निजनाम बोध संस्थान, पोडी द्वारा 1 से 13 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे निःशुल्क भोजन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस सेवा से साधु–संतों, श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों को सात्त्विक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि निरंजन अग्रवाल, सतीश सोनी, संतोष अग्रवाल तथा गुरुपुत्र आगम दास की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संस्थान की सेवा भावना की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल ने सत्य निजनाम परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि शिवरीनारायण माता शबरी की पावन जन्मभूमि है। माता शबरी पशु बलि, जीव-हत्या और नशे के सख्त खिलाफ थीं। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव द्वारा चलाया जा रहा नशामुक्ति–मोक्ष अभियान और शुद्ध शाकाहारी जीवन का संदेश अत्यंत सराहनीय है, जो समाज को सही दिशा देता है।

विशिष्ट अतिथि सतीश सोनी ने कहा कि सत्य ही सभी धर्मों का सार है। गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलते हुए हमें सदैव सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए।

मुख्य अतिथि निरंजन अग्रवाल ने कहा कि अन्न का दान महादान होता है। शिवरीनारायण मेला में 15 दिवसीय भंडारे का आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। सत्य निजनाम बोध संस्थान के अध्यक्ष एसआर तेली के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य संचालित है। भोजन भंडारा प्रभारी सत्य मयाराम बरेठ तथा सह-प्रभारियों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से भंडारा सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य निष्काम सेवा, मानव कल्याण और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना है। माघी मेले के दौरान यह निःशुल्क भोजन भंडारा आस्था के साथ मानवता का संगम बनकर हजारों श्रद्धालुओं के लिए पुण्य और सेवा का माध्यम सिद्ध हो रहा है।

# हवन-पूजन के साथ भागवत कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम सेल में श्रीमद भागवत कथा का हवन पूजन के साथ सहस्त्रधारा के साथ सोमवार को समापन हुआ। दैविक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में आहुति डाली गई। सोमवार को 11 बजे हवन पूजन कार्यक्रम का शुरुआत की गई। अंत में बछिया को खूंटा में बांधकर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सहस्त्रधारा के बाद खीर पूरी का प्रसाद वितरित किए गए। 25 जनवरी को संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रसपान कर श्रोता बड़ी संख्या शामिल हुए। धर्म कर्म का माहौल बना हुआ था। आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ था। संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सुनकर भाव विभोर हुए थे। संध्या महाआरती भक्तों ने बड़ी संख्या में शामिल हो रहा हैं। संध्या महाआरती बड़ी संख्या में शामिल हो रहा हैं। गांव में धर्म कर्म माहौल बना हुआ हैं। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रवण करने के लिए गांव सहित आसपास गांव से पहुंच रहा हैं। संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सुनकर ग्रामीणों ने भाव विभोर हो रहे थे। गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ हैं। कार्यक्रम गांव के गुड़ी चौक में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य यजमान जानकी देवी वर्मा, हरलाल वर्मा, यजमान उषा साहू, राधेश्याम साहू, सावित्री वर्मा, बंशीलाल वर्मा शामिल हुए। परायणकर्ता पं. वृंदा प्रसाद, नव युवक एकता समिति के अध्यक्ष हरिश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार कर्ष, कोषाध्यक्ष संजय डडसेना, सचिव अनुप कुमार वर्मा, संरक्षक रमेश कुमार वर्मा, घनश्याम वर्मा, रघुवीर शरण डडसेना, मनीष कुमार डडसेना, विक्की वर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विष्णु वर्मा, रोहित साहू, अजय प्रताप, अजय जायसवाल आदि शामिल हुए थे।

# परमात्मा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, राजयोग सेवा केंद्र हिरमी में शिव जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदिका ध्रुव द्वारा स्वागत गीत नृत्य व मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान शिव को नमन कर किया गया। प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्ट्राटेक रावन के सेफ्टी हेड आलोक पाठक, योगा टीचर सूर्या पाठक, अल्ट्राटेक हिरमी के ग्रामीण विकास अधिकारी वैभव त्रिपाठी, हिरमी सरपंच पुनऊ भारती, जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमंत यादव, वार्ड पंच लक्ष्मी मुकेश सिन्हा, पंचायत सचिव खम्मन वर्मा और ज्ञानोदय शिशु मंदिर के प्राचार्य पीआर वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए बीके नमिता दीदी ने बताया कि शिवरात्रि परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण और दिव्य कर्तव्य का यादगार है। शिवरात्रि पर आक धतूरा चढ़ाने का अर्थ है अपनी आंतरिक बुराइयों का समर्पण। अल्ट्राटेक रावन के सेफ्टी हेड आलोक पाठक और योग टीचर सूर्या पाठक ने भी सभा को सम्बोधित किया। अल्ट्राटेक हिरमी के ग्रामीण विकास अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने संस्था के कार्यों की सराहनीय बताया कार्यक्रम के अंत में शिव ध्वज फहराया और बी के नमिता ने झंडे के नीचे सभी से जीवन में सदगुणों को अपनाने की प्रतिज्ञा और समाज में सकारात्मकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### दिव्य संदेश को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाए

शिवरात्रि पर किए जाने वाले रात्रि जागरण का अर्थ है, सदैव के लिए अज्ञान अंधकार से बाहर आकर स्वयं को और परमात्मा को पहचानना। परमात्मा को सही रीति से पहचान कर उन्हें याद करने की विधि ही राजयोग है, जिससे स्थाई सुख और शांति मिलती है। सुहेला से पधारी बीके सरस्वती ने कहा कि परमात्मा इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं और प्रजापिता ब्रह्मा का आधार लेकर नवयुग की स्थापना का कार्य कर रहे हैं। अब हम सबका कर्तव्य है कि हम उनके दिव्य संदेश को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाएं और लोगों को दुखों से बाहर निकलने का मार्ग दिखाएं।

# टोनाटार में कलशयात्रा के साथ हिंदू सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



टोनाटार में हुए हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ कलश यात्रा जय श्रीराम की जयकारे रामायण पाठ, कीर्तन के साथ द्वीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मदकू द्वीप रामाश्रय आश्रम से आए महंत रामरूप दास महात्यागी महाराज ने सम्मेलन में उपस्थितजनों हिंदू समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था को पूर्व में समाज के कार्य की व्यवस्था के रूप में बताते हुए प्रशासनिक व्यवस्था का उदाहरण देते हुए बताए कि जिस प्रकार से प्रथम, द्वितीय तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी होते हैं, जो एक निश्चित योग्यता और प्रशासनिक क्षमता को प्राप्त कर नीचे से ऊपर की श्रेणी में पदोन्नत होते हैं, वैसे ही प्राचीन समय में भारत की वर्ण व्यवस्था को होना बताया है, जिसमें ऊंच नीच का कोई स्थान नहीं था, इसके लिए महंत ने कंधे से ऊंची छाती नहीं होती और धर्म से ऊंची जाति नहीं होती जैसे शब्दों का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए भगवान रामचंद्र क्षत्रिय वंश में जन्म लेने के बाद भी किस प्रकार से निषाद राज से मिले, वन में निवास करने वाली शबरी से मिले सबको अपने गले लगाकर समाज को जोड़ने का कार्य किए। छत्तीसगढ़ में नवधा भक्ति का उदाहरण शबरी की भक्ति से होना बताए और राम की भक्ति को राष्ट्र की भक्ति बताते हुए महंत ने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए और हिंदू समाज का एक जूट नहीं होने पर बांग्लादेश में कैसे दीपूदास जैसे अनेकों हिंदुओं का बिना कोई अपराध के निर्मम हत्या हो जाना बताए। कार्यक्रम भारत माता की आरती के साथ समापन हुआ। हिंदू सम्मेलन में संयोजक चंद्रप्रकाश साहू सरपंच, विष्णु कोसले उपसरपंच, कुलेश्वर, पिंकू वर्मा, महाबल बघेल, डब्लू ठाकुर, टी आर वर्मा, रामायण पाठ करने वाले नरानतक यादव, भारत माता वाहिनी समूह की लक्ष्मी वैष्णव, लक्मी वर्मा, सरस्वती वर्मा, रमा ध्रुव, चिंतामणि जायसवाल, राहुल घृतलहरे एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अंचल में मनाई गई संत रविदास जयंती

**पलारी।** सोमवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती पलारी अंचल के



बोइरडीह, घोटिया, कुसमी, रोहांसी, अमेठी, संडी आदि जगहों पर हर्ष और उल्लास के साथ मनायी गई । इस मौके पर अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष चरण दास तेहरवंश ने बताया कि संत रविदास महाराज मानवतावाद के अनन्य उपासक, महान समाज सुधारक, दार्शनिक संत, आकेश्वरवाद निर्गुण निरंकारी पर विश्वास करने वाले मेहर समाज के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज थे। जिन्होंने रैदास पंथ चलाकर मानव-मानव में भेदभाव को मिटा कर हर मानव के एक श्रृंखला में रखने की संदेश दिया था। संत रविदास बाबा जी ने मन में चंगा तो कटौती में गंगा नारा मानव समाज को देकर भेदभाव को नष्ट करने के उपदेश दिया। इस दौरान बिहस कलिहारी, मोहन धीकड़े, विजय गोयल, सिद्दू गायकवाड़, चुरामणि साहू रोहित कुमार मीरी, मोहन साहू सहित समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# संत समागम में दिखा आस्था और भक्ति का समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



माघ पूर्णिमा पर छत्तीसगढ़ के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में आयोजित सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब स्मृति संत समागम (माघ मेला) में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस अवसर पर पूज्य पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब एवं पूज्य पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी नाम साहब के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधायक ईश्वर साहू, भावना बोहरा सहित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में आयोजित माघ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, प्रेम, सद्भाव और सत्य के मार्ग पर समाज को आगे बढ़ाने वाला आध्यात्मिक महापर्व है। संतों की वाणी और आशीर्वाद से समाज को नई दिशा मिलती है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर मनाया हिन्दू सम्मेलन

# भगवा से हुई है सारे रंगों की उत्पत्ति : आरएसएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



हिरमी परिक्षेत्र के सकलोर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर त्रिवेणी महिला मांनस मंडली द्वारा रामायण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मुख्य वक्ता समाजसेवी संदीप वर्मा ने कहा कि वर्तमान में विश्व को परिवार मानकर व्यवहार करने वाला सभी की सुख शांति समृद्धि की चाह रखने वाला सनातनी हिंदू समाज सबसे अधिक भाई चारा की बात करता है। और भाईचार को निभाने के चक्कर में खुद धीरे धीरे चारा बनते जा रहा है। कभी लव जिहाद, कभी हिजाब जिहाद, कभी लैंड जिहाद, कभी आतंकवाद, कभी मतांतरण के माध्यम से एक मतपंथ है, जो दुनिया को हरा करना चाहती है। वहीं दूसरा मत सफेद करना चाहती है, परंतु उन दोनों समुदाय को यह ध्यान रखना चाहिए कि भगवा से सारे रंगों की उत्पत्ति हुई है। सभी रंगों की जननी भगवा है।

मुख्यातिथि के रूप में ठाकुर राम साहू, विशिष्ट अतिथि जिलापंचायत सभापति बलौदाबाजार डॉ. मोहन वर्मा और कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता वेदप्रकाश वर्मा सरपंच सकलोर ने की। अन्य वक्ताओं में गजेन्द्र वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, कीर्ति वर्मा उपराज प्रधान बलौदाबाजार राज कुर्मी समाज, विद्याभूषण पटेल सामाजिक कार्यकर्ता, सुखनंदन चेलक जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोहरा, प्रेमलाल ध्रुव सरपंच परसवानी, केदार पटेल मंडल पालक रहे। कार्यक्रम का आभार पिलूराम वर्मा, प्राचार्य ज्ञानोदय हॉयर सेकंडरी स्कूल हिरमी ने किया। सैकड़ों की संख्या में हिरमी, कुथरौद, सकलोर, परसवानी, बरडीह, मोहरा, भालेसुर, पेंडरी, अमेरी गांव के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने हिंदू समाज को समय रहते जाग जाने की अपील करते हुए इस देश और हिन्दू समाज के खिलाफ हो रहे षड्यंत्रों के प्रति सदैव सजक रहकर एक हाथ में शास्त्र तो दूसरे हाथ में शस्त्र धारण कर अवश्यता पढ़ने पर शत्रुओं के संहार को भी आवश्यक बताया। मातृशक्ति वक्ता के रूप में हीरामणि दिवाकर, संचालिका बालिका पंथी पार्टी ने गुरु घासीदास बाबा के मनखे- मनखे एक समान और जाती पाती के प्रपंच में मत फंसो और नशा पत्ती से दूर रहो, इन संदेशों पर अपनी बात रखी। प्रलोभन और ईलाज के बहाने ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे मतांतरण पर चिंता जाहिर की। उन्होंने सभी को एकजुट रहकर मिशनरियों को मुंहतोड़ जवाब देकर अपने संस्कृति पर गर्व करने की बात कही।

### साधु संतों महंतों का कार्य समाज को जगाना है

साध्वी अनंतेश्वरी दीदी सदगुरु धाम सेवा आश्रम गोरखेड़ा ने जनसंख्या असंतुल पर चिंता व्याप्त कर कहा कि साध्वी और साधु संतों महंतों का कार्य समाज को जगाना है। हमारे पूर्वज राम कृष्ण और गुरु घासीदास बाबा, संत चरण रविदास बाबा जैसे महान ऋषि मुनि देवी देवता है। हम उन सबकी संतान है। हमारे हिंदू समाज की जनसंख्या घटती जा रही है। जबकि विशेष वर्ग के लोग योजना बद्ध तरीके अपनी जनसंख्या को बढ़ा रहे हैं। इससे हिन्दुओं पर अल्प संख्यक होने का खतरा मंडरा रहा है। हिंदुस्तान हिंदुओं की माता है। इसके अलावा और कही शरण हमें मिलने वाला नहीं है। उन्होंने हिंदू समाज को इस खतरे से निपटने के लिए स्वयं जागृत रहकर केंद्र सरकार पर दबाव पूर्वक जनसंख्या नियंत्रण कठोर कानून बनाने के लिए मजबूर करने का आग्रह किए है।

